हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

12 महासमुंद की मृणाल को नवाचार के लिए मिला ...



12 रुक्मिणी प्रसंग पर कथा स्थल बना विवाह मंडप...



## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** शराब का अवैध परिवहन कर रहे आरोपियों को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 12 जनवरी को मुखबीर की सूचना पर आरोपी कृष्णा कोसले पिता प्रनु कोसले (37 साल) निवासी भंवरपुर, इंद्रकुमार धृतलहरे पिता सोहन धृतलहरे (28 साल) निवासी मजनीमाटी बसना के कब्जे से कुल 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए व एक मोटर साइकिल को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। कुम्हारपारा निवासी संतोष निषाद 11 जनवरी की सुबह 9.30 बजे घूमने निकला था। इसी बीच युवक के पिता को बिरकोनी निवासी उसके भतीजे पंचराम निषाद ने फोन पर बताया कि भावेश के साथ भावेश निषाद एवं योगेश चंद्राकर को परसवानी रोड 9 एम कंपनी के सामने ग्राम बिरकोनी के रंजीत सतनामी ने अपने साथियों के साथ पुरानी बात को लेकर मारपीट किया है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। मारपीट भावेश के दाहिने पैर के घुटने, बांये हाथ की कोहनी, सिर एवं बदन में चोट तथा योगेश चंद्राकर के सिर में, दाहिने हाथ, कमर, पीठ में चोट आई थी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### युवक के साथ मारपीट चाकू से वार

**महासमुंद।** गांजा की बात को लेकर एक युवक के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को गीता ढीमर वार्ड नं 16 शीतलापारा ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को करीबन एक बजे उसका लडका देवचरण ढीमर चौक तरफ घूमने गया था तभी पडोसी जनक ढीमर ने घर आकर बताया कि तुम्हारे लड़के देवचरण को राज ठाकुर गंजपारा महासमुंद ने चाकू मारा है और उसे जिला अस्पताल महासमुंद में भर्ती कराया हूं। जब उसने देवचरण से पूछा तो बताया कि साथी हितेश पटेल के साथ शहर की ओर घूमने गया था। बढईपारा महासमुंद के पास राज ठाकुर ने उससे गांजा पीने के लिये मांगा, जब उसने कहा कि गांजा नहीं पीता हूं तब आरोपी राज ठाकुर ने गाली गलौज कर तुमको मैं पिलाता हूं कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से कमर को मारकर भाग गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# दबंग चचेरे भाई के आतंक से सहमी महिला, जनदर्शन में लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम मे ग्राम अनसुला थाना सांकरा की निवासी निराशी प्रधान ने अपने चचेरे भाई के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सुरक्षा और हस्तक्षेप की मांग की है। प्रार्थिया का आरोप है कि उसका चचेरा भाई, कमलेश प्रधान, न केवल उसकी काबिज भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है, बल्कि वह सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहा है। प्रार्थिया निराशी प्रधान के अनुसार, वह ग्राम अनसुला के खसरा नंबर 63 रकबा 0.25 हेक्टेयर की शासकीय भूमि पर पिछले कई वर्षों से काबिज है और वहां खेती व देखरेख के लिए अपनी हैसियत के अनुसार काफी धन खर्च कर चुकी है। राजस्व अभिलेखों में भी इस कब्जे का उल्लेख होने का दावा किया गया है। प्रार्थिया ने आरोप लगाया कि उसका चचेरा भाई कमलेश पिता सदानंद, जो स्वयं खसरा नंबर 66 रकबा 0.73 हेक्टेयर पर काबिज है, अब उसकी भूमि पर दृष्टि जमाए हुए है। कमलेश ने न केवल अपनी आवंटित भूमि को अवैध रूप से दूसरों के पास गिरवी रख दिया है, बल्कि अब निराशी की भूमि पर जबरन खेत बनाने के लिए गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दे रहा है।

## चचेरे भाई के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सुरक्षा और हस्तक्षेप की मांग

### दुरुपयोग का गंभीर आरोप

शिकायती पत्र में एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए निराशी ने बताया कि कमलेश बिलासपुर के किसी सरकारी कार्यालय में कार्यरत होने का फायदा उठाता है। आरोप है कि वह दूसरों के नाम पर फर्जी आदिवासी बनकर मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक के समक्ष निराशी के खिलाफ झूठी शिकायतें भेजता है। जब भी इन शिकायतों की जांच के लिए अधिकारी गांव पहुंचते हैं, कमलेश कभी उपस्थित नहीं होता। वह सिर्फ मुझे परेशान करने और डराने के लिए झूठी शिकायतें कर रहा है।



### पुलिस की निष्क्रियता और जान का खतरा

पीड़िता का कहना है कि उसने इस संबंध में पूर्व में सांकरा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस की इसी ढिलाई के कारण आरोपी के हौसले बुलंद हैं। प्रार्थिया ने अपनी जान को खतरा बताते हुए कहा कि कमलेश अपराधी किस्म का व्यक्ति है और वह कभी भी उस पर जानलेवा हमला कर सकता है।

### न्याय की उम्मीद

जनदर्शन में सौंपे गए पत्र के माध्यम से निराशी प्रधान ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उसकी काबिज भूमि पर कमलेश के अवैध हस्तक्षेप को रोका जाए। झूठी और फर्जी शिकायतों के आधार पर उसे परेशान करना बंद किया जाए। दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## विभागीय कार्रवाई : जब्त की गई लकड़ी की अनुमानित कीमत 1 लाख 32 हजार रुपए

# वन विभाग की कार्रवाई, जम्हर में दबिश देकर लाखों का अवैध सागौन जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वन परिक्षेत्र पिथौरा के अंतर्गत अवैध लकड़ी तस्करों और वन संपदा का नुकसान करने वालों के खिलाफ विभाग ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। ग्राम जम्हर में मुखबिर की सटीक सूचना पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने भारी मात्रा में अवैध सागौन की इमारती लकड़ी और चिरान जब्त की है। जब्त की गई लकड़ी की अनुमानित कीमत 1 लाख 32 हजार रुपये बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, वन विभाग को सूचना मिली थी कि ग्राम जम्हर निवासी सीताराम चौधरी पिता गणेशराम चौधरी ने अपने घर और बाड़ी में अवैध रूप से काटकर लाई गई सागौन की लकड़ी छिपाकर रखी है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वनमंडलाधिकारी (डीएफओ) महासमुंद, मयंक पांडेय के निर्देशन एवं संयुक्त वनमंडलाधिकारी पिथौरा, डिंपी बैस के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी शालिकराम डड़सेना के नेतृत्व में टीम ने 13 जनवरी को तड़के सुबह सीताराम चौधरी के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने पाया कि आरोपी ने बड़ी चालाकी से बाड़ी में रखे पैरे (पुआल) के ढेर के नीचे सागौन के लट्ठों को छिपाकर रखा था। इसके अलावा घर के अन्य हिस्सों से भी सागौन का चिरान बरामद किया गया। वन अधिकारियों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वन संपदा को नुकसान न पहुंचाएं और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें।



### कानूनी कार्रवाई और धाराएं

वन विभाग ने इस मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 13417/25 (दिनांक 13.01.2026) दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ निम्नलिखित अधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई है। भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 अन्य प्रासंगिक वन धाराओं के तहत मामला दर्ज। इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसमें सहायक परिक्षेत्र अधिकारी ननकुशिया साहू और ललित पटेल, परिसर रक्षी रज्जाक जम्हर, प्रीतराम साहू (राजाडेरा), शुभम तिवारी, कोकिल कांत दिनकर, वीरेंद्र बंजारे, कुलेश्वर डडसेना, महिला कर्मचारी प्रभा ठाकुर, दीपिका रात्रे, पुष्पा नेताम शामिल रहे।

### बेटी की शादी के लिए कटवाई थी लकड़ी

पूछताछ के दौरान आरोपी सीताराम चौधरी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसने बताया कि वह अपनी बेटी की शादी के लिए फर्नीचर बनवाना चाहता था, जिसके लिए उसने लगभग एक सप्ताह पूर्व पास के जंगल से मजदूरों के माध्यम से सांगा (गाड़ी) से यह लकड़ी मंगवाई थी। हालांकि, नियमों का उल्लंघन कर बिना अनुमति के जंगल से लकड़ी काटना और उसे घर में रखना एक गंभीर अपराध है।

### ट्रेडिंग कंपनी संचालक के खिलाफ गबन का मामला दर्ज




**महासमुंद।** ट्रेडिंग कंपनी संचालक के खिलाफ करणी कृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से तुमगांव थाने में गबन का मामला दर्ज कराया गया है। कंपनी के विधिक सलाहकार ने आवेदन देकर शिकायत की है कि 2 जनवरी को कपनी को करणीकृपा पावर प्राइवेट लिमिटेड तुमगांव से वाहन क्रमांक सीजी 04 पीपी 9897 से श्री दुर्गा ट्रेडिंग के प्रशांत तिवारी के माध्यम से भारत इंगोट प्राइवेट लिमिटेड के बिल पर इस्कान स्ट्रिप प्राइवेट लिमिटेड ग्राम गुमा, पोस्ट तेंदुआ, हीरापुर रोड, रायपुर (छ.ग.) में माल छोड़ना था, लेकिन अब तक माल नहीं पंहुचा है। शिकायत में कहा गया है कि वाहन क्रमांक सीजी 04 पीपी 9897 के मालिक एवं श्री दुर्गा ट्रेडिंग के प्रशांत तिवारी के द्वारा 63.170 मीट्रिक टन माल कीमत 28,47,424.00 रुपये का गबन किया गया है। मामले की शिकायत पर तुमगांव थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 316(2), 316(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चंडी मंदिर गई महिला हुई चेन स्नेचिंग की शिकार

**महासमुंद।** चंडी मंदिर घुंचापाली गई एक महिला चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई। अज्ञात आरोपी महिला के गले से मंगलसूत्र खींचकर भाग निकला। मामले की रिपोर्ट पर बागबागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।वार्ड नंबर 03 बागबाहरा निवासी गुंजा चौहान 11 जनवरी को अपनी भतीजी किरण बाघ के साथ घुंचापाली चंडी मंदिर घूमने के लिए गई थी। दोपहर लगभग 01:30 बजे वह और मेरी भतीजी मंदिर से नीचे उतर रही थी, तभी अचानक एक अज्ञात व्यक्ति जो अपने मुंह मे स्कार्फ बांधा हुआ था, तेजी से दौडते हुए आया और मंगल सूत्र वजनी करीबन 02 ग्राम कीमत 19000 रुपए को गले से खींचकर भाग निकला। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 304(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने दो युवको के कब्जे से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने ग्राम कांपा चौंक एनएच 53 रोड से आरोपी करण सोनी पिता मोहन सोनी (19 साल) निवासी वार्ड नं 09 नयापारा महासमुंद, सत्यम उर्फ सत्येंद्र महार पिता प्रह्लाद महार (23 साल) वार्ड नं 09 बुगलु चौक नयापारा महासमुंद के संयुक्त कब्जे से 99 पौवा गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 11880 रुपए व स्कूटी कीमत 10,000 रुपए कुल 21880 रुपए को जब्त किया है। ममले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है

## अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई, 217 कट्टा धान एवं पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार लगातार जारी है। इसी क्रम में बीती रात विभिन्न स्थानों पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 217 कट्टा धान एवं पिकअप वाहन जब्त किया गया। बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुरचुंडी में अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 80 पैकेट धान जब्त किए गए। धान का परिवहन बिना वैध दस्तावेजों के किया जा रहा था, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसी प्रकार पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में संजय अग्रवाल के गोदाम में छापेमार कार्रवाई के दौरान 137 बोरी धान अवैध रूप से संग्रहित पाया गया। जब्त किए गए धान को आगे की कार्रवाई के लिए मंडी अधिनियम के तहत मंडी सचिव को सुपुर्द किया गया है। साथ ही बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम शिकारीपाली, तेंदूकोना क्षेत्र में अवैध धान से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया। वाहन में भरा धान अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। वाहन को जब्त कर संबंधित प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि जिले में अवैध धान खरीदी, भंडारण एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सतत निगरानी रखने एवं कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### धान उपार्जन केंद्रों पर सभी नोडल अधिकारियों को निरीक्षण के दिए निर्देश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में धान खरीदी की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही अवैध धान परिवहन पर नियंत्रण के लिए सतत निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर लंगेह ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए शासन के मंशानुरूप धान खरीदी के कार्यां को पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। अंतर्जिला क्षेत्रों, विशेषकर ओडिशा बॉर्डर पर सतर्कता बढ़ाने पर जोर दिया गया। उन्होंने कैमरा चेक, रकबा समर्पण, नापतौल, टोकन व्यवस्था आदि की गहन जांच सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के लिए13 दिन शेष है, सीमांत किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि यदि किसी समिति या विभागीय कर्मचारी-अधिकारी की अवैध धान से संलिप्तता पाई गई, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में 6.88 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

# कलेक्टर ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ग्राम पाउंसरा और खरोरा धान उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर खरीफ धान खरीदी प्रक्रिया की समुचित व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर उपलब्ध सुविधाएँ तथा खरीदी प्रक्रिया की पारदर्शिता का बारीकी से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर लंगेह ने धान खरीदी केंद्रों पर धान प्रबंधन, तौल प्रक्रिया, किसान टोकन प्रणाली और भुगतान से जुड़ी व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसानों को समय पर न्यूनतम समर्थन मूल्य भुगतान सुनिश्चित करना प्राथमिकता हो। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं तथा सुझावों को सुना। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन धान खरीदी में पारदर्शिता और सुविधा बनाए रखने के लिए नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है। साथ ही कलेक्टर ने केंद्र प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र पर धान की स्टैकिंग, वज़न माप और ऑनलाइन रिकॉर्डिंग सिस्टम को समय-समय पर अपडेट किया जाए और किन्हीं भी गड़बड़ियों को तुरंत सुधारा जाए। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि उपार्जन केंद्रों में धान का अनावश्यक भंडारण न होने दिया जाए। उन्होंने मिलर्स एवं परिवहन एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर नियमित एवं तेज गति से धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश अथवा अन्य कारणों से धान को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों में उठाव की गति धीमी है, वहां तत्काल सुधार किया जाए तथा दैनिक प्रगति की सतत निगरानी की जाए।



उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में धान खरीदी का कार्य पादर्शिता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के साथ सुचारू रूप से जारी है। 13 जनवरी की स्थिति में जिले के 182 धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से लगभग 6 लाख 88 हजार 326 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जो राज्य में सर्वाधिक है। अब तक मिलर्स द्वारा लगभग 02 लाख 37 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। वहीं लगभग 4 लाख 89 हजार 421 मीट्रिक टन धान का डी.ओ. जारी किया गया है।

## बिना ट्रेड लाइसेंस नहीं चलेगा कारोबार, 60 दिनों की मोहलत, कारोबारियों के लिए मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले सभी छोटे-बड़े व्यापारियों के लिए अब ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य हो गया है। राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए नए नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम के तहत, अब बिना लाइसेंस के दुकान या व्यवसाय संचालित करना गैरकानूनी माना जाएगा। प्रशासन ने व्यापारियों को लाइसेंस बनवाने के लिए दो महीने 60 दिनका समय दिया है। नए नियमों में स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यापारी बिना लाइसेंस के काम करते पाया गया, तो प्रशासन सख्त कदम उठाएगा। बिना वैध लाइसेंस के चल रहे परिसरों को नगर पालिका के सक्षम अधिकारी द्वारा तत्काल सील कर दिया जाएगा। लाइसेंस फीस की तुलना में दोगुनी राशि बतौर जुर्माना (पेनाल्टी) वसूली जाएगी। नगर के व्यापारियों के पास अब केवल दो महीने का समय है। यदि नगर पालिका सीमा के भीतर कोई भी व्यापार कर रहे हैं, तो कानूनी अड़चनों और दुकान सील होने जैसी कार्रवाई से बचने के लिए समय रहते आवेदन करना ही श्रेयस्कर होगा। प्रशासन का लक्ष्य इसके माध्यम से शहरी क्षेत्रों में व्यापार को व्यवस्थित करना और राजस्व जुटाना है। व्यापारियों की सुविधा के लिए आवेदन प्रक्रिया को समयबद्ध बनाया गया है आवेदन जमा करने के 15 दिनों के भीतर प्रशासन को लाइसेंस जारी करना होगा। यदि 15 दिनों तक आवेदन पर कोई निर्णय नहीं लिया जाता है, तो उसे स्वमेव स्वीकृत माना जाएगा, यानी आपका लाइसेंस मान्य समझा जाएगा।

### लाइसेंस के लिए मुख्य शर्तें और नियम

लाइसेंस मिलने के बाद भी व्यापारियों को कुछ विशेष नियमों का पालन करना होगा जिसमें ट्रेड लाइसेंस की एक कॉपी दुकान या व्यावसायिक स्थल पर ऐसे स्थान पर लगानी होगी जहां से वह आसानी से दिखाई दे। व्यापारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके व्यवसाय से धुआं, धूल, गैस, गंध या शोर जैसी समस्या न हो जिससे आम जनता को परेशानी (न्यूसेंस) हो। नगर पालिका के अधिकारी किसी भी समय दुकान का निरीक्षण कर सकते हैं। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस जारी किया जाएगा और संतोषजनक जवाब न मिलने पर लाइसेंस रद्द भी किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**



### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर तिलक वंदन से हुआ। संस्था चेयरमैन महेंद्र जैन ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने सभी को स्वामी के जीवन से प्रेरणा लेते की बात कहीं।

### खरोरा में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के प्रत्येक युवाओं को स्वामी विवेकानंद के आदर्श को अपनाना चाहिए। स्वामी एक आध्यात्मिक महापुरुष थे। भारत के युवा में नशे की प्रवृत्ति दिनोंदिन बढ़ रही है, नशा भारत की युवाओं को खत्म कर रहा है। हमें युवाओं को नशे से दूर करना होगा। नशे से परिवार लाखों परिवार बर्बाद हो रहे हैं। पूरे भारत में विवेकानंद नशा छोड़ो संकल्प अभियान प्रारंभ करना चाहिए। जिसके तहत भारत के भारत देश के सभी जिले में समय-समय पर नशा छोड़ने का संकल्प दिलाना चाहिए।

### धान का उठाव तेजी से करने के दिए निर्देश

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में राज्य शासन द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत इस खरीफ सीजन में अभी तक पूरे राज्य में सर्वाधिक धान की खरीदी हुई है। धान खरीदी का सिलसिला 31 जनवरी 2026 तक निरंतर जारी रहेगा। कलेक्टर विनय लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राइस मिलर्स की बैठक लेकर तेजी से उठाव के निर्देश दिए, इसके अलावा कुल खरीदी और उठाव की जानकारी ली एवं उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी का कार्य अपने अंतिम पड़ाव की ओर है। इस दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जारी किए गए टोकन के अनुसार उठाव करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान राईस मिलर्स ने शॉर्टेज, मिलर्स टैगिंग एवं अन्य तकनीकी समस्याओं को अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू, खाद्य अधिकारी अजय यादव, जिला विपणन अधिकारी आशुतोष डड़सेना, उपायुक्त सहकारिता द्वारिकानाथ आदि मौजूद रहे।

## विकास: सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा-ग्रामीणों को आवागमन में होगी सुविधा

# सांसद ने किया बहुप्रतीक्षित बनियातोरा सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमावर्ती दूरस्थ अंचल के ग्राम पंचायत परकोम के आश्रित ग्राम बनियातोरा के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण के लिए शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी है। पुल-पुलिया सहित 341.45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया।

सर्वप्रथम भूमिपूजन कार्य मुख्य अतिथि ने धरती माता की पूजन अर्चन, नारियल फोड़कर व कुदारी चलाकर किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि प्रफुल्ल विश्वकर्मा अध्यक्ष लौह शिल्पकार बोर्ड, येतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, भीखम सिंह ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष, थानसिंह दीवान जिला महामंत्री, अलका चंद्राकर विधानसभा प्रत्याशी, स्मिता चंद्राकर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, पिलेश्वर पटेल किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष, दुबेलाल साहू प्रदेश संयोजक कृषि एवं अभियांत्रिकी किसान मोर्चा, आबिद खान अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष,



341.45 करोड़ रुपए की लागत, पुल-पुलिया के साथ बनेगी साढ़े 3 किलोमीटर सड़क

नितिन जैन मंडल अध्यक्ष, लोचन पटेल जनपद सदस्य, भेखलाल सागर चंद्राकर पूर्व मंडल अध्यक्ष, नवीन पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, लता कुम्हार जनपद सदस्य, प्रभा परमेश्वर पटेल सरपंच परकोम , जलसिंह चक्रधारी सरपंच परसुली, लीलाबाई दीवान सरपंच पंडरीपानी, लेखमणि पटेल मंडल महामंत्री, हिरेंद्र उपाध्याय मंडल महामंत्री उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन की मोदी और विष्णुदेव साय की सरकार गरीब, किसान, मजदूर, युवा वर्ग एवं महिलाओं के लिए प्रतिबद्ध है। यह सड़क केवल यातायात सुविधा का माध्यम नही, बल्कि ग्रामीणों के जीवन में आने वाले आर्थिक, शैक्षाणिक में सुविधा मिलेगी। उन्होंने पांच साल रहे पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार को जमकर कोसा। हमारी भाजपा सरकार ने हर महीने महतारी वंदन योजना से महिलाओं के के खाते में एक हजार रुपए डालने काम कर रही है। जिससे महिलाएं घर के राशन में खर्च कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने सबके लिए बैंक खाता निःशुल्क खोलवाने का काम किया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने कहा कि मोदी की गांरटी गांव-गांव में सड़क की जाल बिसाने की काम कर रही है। हमारी सरकार परसुली से बनियातोरा पक्की सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की है, कार्य जल्द शुरू हो जाएगी। जिससे ग्रामीणों व स्कूली बच्चे को आने जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रीतम चौधरी, पंकज जैन, परमेश्वर चौधरी, परमेश्वर पटेल, खिलावन यादव, यादराम सिन्हा, पतिराम साहू, परमेश्वर सोनवानी, जूगेश पटेल, किरण यादव, उमा सोनी, सरपंच पूर्णिमा सोनवानी, तुलसी साहू, ईश्वर चंद्राकर, नरेंद्र पटेल, भीमा साहू, देवेंद्र चक्रधारी, नागेश पटेल, छबिलाल पटेल, चीनीराम यादव, वंदना ठाकुर, लक्ष्छू सेन, सुकेश नागपुरे, जगदीश पटेल, अर्जुन धुर्वा, करण ठाकुर, गोविंद साहू, माधो सेन समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में झलप के युवराज का शानदार प्रदर्शन

**झलप।** राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कबड्डी (बालक) में झलप क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाड़ी युवराज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में युवराज का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ। यह राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता हरियाणा में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान युवराज ने अपने दमदार खेल, फुर्ती और रणनीतिक कौशल से सभी को प्रभावित किया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। युवराज की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जिला शिक्षा विभाग, खेल विभाग, विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष जता है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि युवराज शुरू से ही अनुशासनप्रिय, मेहनती और खेल के प्रति समर्पित छात्र रहे हैं। नियमित अभ्यास और निरंतर मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। युवराज की यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है।





### कांग्रेस नेताओं के साथ जैजैपुर विधायक से मिलने जेल पहुंचे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** जांजगीर-चांपा जेल में बंद जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू से मुलाकात करने नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के साथ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी जिला जेल पहुंचे। इस दौरान नेताओं ने विधायक बालेश्वर साहू के स्वास्थ्य एवं कानूनी स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्हें हर परिस्थिति में न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। नेताओं ने कहा कि पूरा कांग्रेस उनके साथ हैं। इस अवसर पर जांजगीर चांपा के जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शुक्ला भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जैजैपुर विधायक की गिरफ्तारी पर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जनता द्वारा चुने जनप्रतिनिधि पर बदले की कार्रवाई अलोकतांत्रिक कृत्य है।

### जिपं सीईओ ने जन चौपाल में सुनी लोगों की मांग एवं समस्याएं

**महासमुंद।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले जन चौपाल में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने जिले के आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में आवेदकों ने धान बिक्री पंजीयन, राशन कार्ड संशोधन, एग्रीस्टैक पंजीयन, लंबित भुगतान, पीएम आवास, रकबा संशोधन, धान बिक्री, अवैध कब्जा तथा अन्य समस्याओं व मांगों को लेकर आवेदन सौंपे। जन चौपाल में कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए। जन चौपाल में ग्राम धनापाली बसना निवासी मुरलीधर एवं ग्राम मामाभाँचा बागबाहरा निवासी यादराम साहू द्वारा बैटरी ट्राइसाइकिल के लिए आवेदन किया गया। इसी तरह ग्राम पासिद निवासी सरोज ध्रुव ने प्राथमिकता राशन कार्ड को अंत्योदय राशन कार्ड में बदलने, ग्राम कोसरंगी निवासी डोमन लाल साहू ने किसान सम्मान निधि दिलाने, ग्राम सोहागपुर निवासी सुकलाल दीवान द्वारा शासकीय भूमि का पट्टा दिलाने, ग्राम बिरकोनी निवासी रामशरण साहू द्वारा श्रम कार्ड में संशोधन, ग्राम नंदगांव निवासी अंजना यादव ने राजीव गांधी भूमिहीन न्याय योजना का लाभ दिलाने एवं महासमुंद कुम्हारपारा निवासी जानकी ठाकुर ने एपीएल राशन कार्ड को बीपीएल राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।



### जन्मदिन पर चंद्रहास से मुलाकात

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर को जन्मदिन पर मुलाकात की। चंद्राकर ने अपने जन्मदिन पर प्रातः कनेश्वरनाथ महादेव का दर्शन-पूजन कर प्रदेश में खुशहाली की कामना की।

## धान खरीदी में आ रही बाधाएं सत्ता प्रायोजित षड़यंत्र का परिणाम

### जोबा धान खरीदी केंद्र में बफर लिमिट पार, कभी भी बंद हो सकती है खरीदी

**महासमुंद।** जिला पंचायत के पूर्व सभापति व वर्तमान जिला पंचायत प्रतिनिधि अमर अरूण चंद्राकर ने जोबा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि सोसायटी में बफर लिमिट से अधिक धान जाम हो गया है। उठाव नहीं होने के कारण कभी भी यहां धान खरीदी बंद होने की नौबत आ सकती है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी में लगातार आ रही बाधाएं सरकार की दुर्भावना और सत्ता प्रायोजित षड़यंत्र का परिणाम हैं। अमर ने बताया कि 2025-25 में जोबा सोसायटी में 68 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। लेकिन, इस वर्ष 2025-26 में 11 जनवरी तक 46 हजार क्विंटल ही धान खरीदी हो पाई है। धान खरीदी के लिए छुट्टियों को छोड़ दें तो अब केवल 13 दिन शेष है। पिछले वर्ष के अपेक्षा इस बार लगभग 22 हजार क्विंटल खरीदी करना बाकी है। लेकिन, जिस लिहाज से धान की खरीदी और उठाव प्रक्रिया चल रहा है उससे नहीं लगता कि सभी किसानों से लक्ष्य अनुरूप धान की खरीदी हो पाएगी। प्रतिदिन खरीदी लिमिट बढ़ाने की आवश्यकता है। ताकि, समस्त किसान अपना धान बेच सके। खरीदी लिमिट नहीं बढ़ी तो जोबा सोसायटी में धान बेचने वाले 4 गांवों के अनेक किसानों लगभग 2 हजार क्विंटल धान (लगभग 1 करोड़ रु.) बेचने से वंचित हो जाएंगे। जबकि, 31 जनवरी तक लिमिट के हिसाब से किसानों को टोकन जारी किया जा चुका है। ऐसे में शेष किसानों से खरीदी कैसे होगी, उन किसानों से खरीदी के लिए शासन-प्रशासन क्या तैयारी कर रही है, इसका जवाब जिम्मेदारों के पास नहीं है। जिले के केवल एक सोसायटी का यह हाल है तो अंदाजा लगाया जा सकता है, पूरे प्रदेश की क्या स्थिति होगी।

## 24 बालिकाओं को मिली निःशुल्क सरस्वती साइकिल, खिले चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

उच्च माध्यमिक विद्यालय मुनगासेर में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की 24 बालिकाओं को साइकिल प्रदान की गई, जिससे उनके चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलकता नजर आया। साइकिल पाकर बालिकाओं ने कहा कि अब स्कूल आना-जाना आसान होगा और पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है, जो मुनगासेर में पूरी तरह सार्थक होता दिखा। इस अवसर पर सरपंच ऋतु जोहत निषाद, उपसरपंच पूर्णिमा पटेल, पंच गौरी कुर्रे, भुखई बघेल, जोगिंदर निषाद, दिनेश ध्रुव, शाला विकास समिति की अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, खेमराज बघेल, ओमकुमारी ध्रुवंशी, पदमा ध्रुवंशी सहित समिति के सदस्यगण एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। अतिथियों ने बालिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सशक्त कदम है। समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां सभी ने बालिका शिक्षा के सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

## महाविद्यालय में मनाया गया युवा दिवस, स्वामी विवेकानंद के विचारों को अपनाने किया प्रेरित

**महासमुंद।** शांत्रीबाई कला, वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर द्वारा स्वामी विवेकानंद, मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पित व दीप व छग के राजकीय गीत गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। युवा दिवस पर महाविद्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने विवेकानंद के जीवनी पर भाषण व कविता के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। जिसमें सभी छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चंद्राकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा हर देश का भविष्य होते है। आज के आधुनिक युग में देश के युवा वर्ग के मानसिक स्वास्थ्य और चारित्रिक निर्माण कर पाना कठिन हो गया है। देश के युवाओं को सही मार्ग में ले जाने के लिए हमें जी के विचार को मूल मंत्र के रुप में ग्रहण करना चाहिए। प्राचार्य ने आगे कहा कि स्वामी ने युवाओं से कहा था कि अपने अंदर भी ऊर्जा को सही दिशा में लगाए। अगर हमारे युवा मजबूत राष्ट्र निर्माण करने के प्रयास में जुट जाते है तो यह स्वामी विवेकानंद को सच्ची श्रद्धांजलि होने के साथ अपने मातृभूमि के प्रति कर्तव्य का निर्वहन भी होगा। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालयीन सभी छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से जो उम्मीदें लगाई थी, जो आह्वान किया था उसे पूरा कर स्वच्छ एवं मजबूत भारत का निर्माण करने में योगदान देंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ मेनका चंद्राकर, नारायण चक्रधारी आकांक्षा सिंह, देवेंद्र चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, शत्रुघन पटेल, हीना चंद्राकर, रेशम साहू, अर्शिन सालोमन, भूमिका दुबे, गोविंद वास, नरेंद्र तांडी, देवानंद चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



### स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत : संध्या

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई द्वारा युवाओं के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेघनाथ सिदार विभागाध्यक्ष भूगोल, अध्यक्षता डॉ संध्या भोई एवं विशिष्ट अतिथि यूके बरिहा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना मंचासीन थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती एवं प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा अतिथि जनों का स्वागत किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति जानकी वैष्णव एवं लक्ष्य गीत की प्रस्तुति शारदा और नीलिमा धवल द्वारा किया गया। उद्बोधन की कड़ी में अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संध्या भोई ने स्वामी विवेकानंद को महान विचारक, प्रवर्तक और युवाओं के प्रेरणास्रोत के रूप में निरूपित किया, आज का दिन युवाओं में आत्म चेतना, चरित्र निर्माण, अनुशासन और मानवता की सेवा के लिए समर्पित होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## वैज्ञानिकीय गतिविधियों के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वारा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (सी कॉस्ट) रायपुर के आदेशानुसार वैज्ञानिकीय गतिविधियों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं डॉ ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख के संयोजन में किया जा रहा है। 13 जनवरी 2026 को वैज्ञानिकीय गतिविधियों विषय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें एकल एवं समूह में प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रभारी सरस्वती सेठ विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र एवं डॉ. जागृति चंद्राकर अतिथि व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र रहे। प्राचार्य करुणा दुबे एवं निर्णायकों द्वारा प्रतिभागियों द्वारा बनाए रंगोली जिसमें ऑर्गन डोनेशन, फ़ोटो सिंथेसिस,वर्ल्ड ऑफ द सेल, साइंटिफिक टेक्नोलॉजी, मॉडर्न टेक्नोलॉजी एवं अन्य विषयों पर कुल 15 रंगोली प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई, जिसका निरीक्षण किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक प्रियंका सोनवानी विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र, डॉ. प्रिया बारीक अतिथि व्याख्याता भौतिकशास्त्र, चंद्रप्रकाश चतुर्वेदी अतिथि व्याख्याता गणित, पूजा यादव व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान, किरण साहू जनभागीदारी व्याख्याता वनस्पतिशास्त्र रहे। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि सभी विद्यार्थी ने अपने श्रेष्ठ देने का प्रयास किया। आपके द्वारा आज वैज्ञानिकीय गतिविधि विषय पर आधारित रंगोली के माध्यम से वैज्ञानिक संदेश दे रहे है वो सराहनीय है। विद्यार्थी टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़े, जिससे आप मानव जाति में अलग से पहचाने जाएंगे। वर्तमान समय में अधिकतर विज्ञान ही प्रोग्रेस कर रहा है। कार्यक्रम संयोजक डॉ ई पी चेलक ने बताया कि कला और विज्ञान का यह मेल जटिल वैज्ञानिक विचारों को सरल और रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत करने का एक माध्यम है। साथ ही यह जन सामान्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने एवं हमारे देश के वैज्ञानिकों की विरासत को प्रस्तुत करने का मौका देती है। देश दुनिया को बेहतर भविष्य निर्माण में सहायक है। एकल रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम ऋतु साहू बीएससी तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय ज्योति साहू बीएससी अंतिम वर्ष मैथ्स, तृतीय सुमन यादव बीएससी अंतिम वर्ष बायो रही। इसी प्रकार समूह रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम हिमाद्री चक्रधारी एवं ज्योति साहू बीएससी अंतिम वर्ष मैथ्स, द्वितीय वेदिका साहू एवं प्रीति साहू बीसीए अंतिम वर्ष एवं तृतीय मुस्कान चंद्राकर एवं नीलिमा चंद्राकर बीएससी अंतिम वर्ष बायो रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को समापन कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय से मनीराम धीवर विभागाध्यक्ष भौतिकशास्त्र, डॉ. अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर विज्ञान, डॉ जगदीश सत्यम सहायक प्राध्यापक भौतिकशास्त्र, रूपावती अति. व्याख्याता गणित, रोहिणी देवांगन अति. व्या. गणित, प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायनशास्त्र, टीकम साहू व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान, मुकेश कुमार ढीढी जनभागीदारी व्याख्याता प्राणिशास्त्र, प्रयोगशाला तकनीशीयन तेजस्वनी साहू, प्रयोगशाला परिचारक पूर्णिमा साहू, मनीष साहू मौजूद रहे।

## वैज्ञानिक जागरुकता व यातायात सुरक्षा पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती पर संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा तथा छत्तीसगढ़ अंधविश्वास उन्मूलन समिति रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय पिथौरा में वैज्ञानिक जागरुकता एवं यातायात सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेश मिश्र के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा अंधविश्वास के प्रति जागरुकता फैलाना रहा। कार्यशाला में अंधविश्वास उन्मूलन समिति के जिला प्रभारी युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर ने



वैज्ञानिक प्रयोगों व चमत्कारों का प्रदर्शन कर यह बताया कि किस प्रकार तर्क और विज्ञान के माध्यम से अंधविश्वास को खारिज किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में पिथौरा थाना प्रभारी सिद्धार्थ मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि कम उम्र से ही नियमों का पालन करने की आदत भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। पीएमश्री विद्यालय के प्राचार्य महेश कुमार साहू ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा गीत, कविता, भाषण एवं विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से समाज में वैज्ञानिक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गुणसागर प्रधान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्राचार्य महेश कुमार साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मायाराम प्रधान, गुणसागर प्रधान, डोमनलाल साहू, आनंद प्रधान, लखपति पटेल, निर्मला पटेल, अमरजीत नायक, लालिमा नायक, चंद्रकांत साहू, मोनिका साहू, प्रधान पाठक सुमन साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक शिवकुमार भोई सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफगण उपस्थित रहे।

## दिव्यांगता से आत्मनिर्भरता की ओर तेजस्वी

**महासमुंद।** महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम मचेवा की 24 वर्षीय तेजस्वी साहू 90 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग हैं। वर्ष 2020 में एक गंभीर दुर्घटना के कारण उनकी स्पाइनल कॉर्ड में चोट आई, जिससे उनके शरीर का निचला भाग लगभग पूर्णतः पैरालिसिस हो गया तथा दाहिना हाथ भी पूरी तरह से कार्य करने में असमर्थ हो गया। लंबे उपचार और ऑपरेशन के बाद वे बैठने की स्थिति में तो आ सकीं, लेकिन चलने-फिरने, आवागमन और रोजगार के अवसर उनके लिए अत्यंत कठिन हो गए थे। सीमित संसाधनों और शारीरिक अक्षमता के कारण उनका आत्मविश्वास भी प्रभावित हो रहा था। उनकी स्थिति समाज कल्याण विभाग के संज्ञान में आने के बाद उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत हुई। उपसंचालक समाज कल्याण संगीता सिंह उनके घर जाकर उनकी वास्तविक स्थिति और आवश्यकताओं को समझा तथा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। जिसके फलस्वरूप तेजस्वी साहू को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मोटराइज्ड ट्राई साइकिल प्रदाय योजना के अंतर्गत उन्हें मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे वे अब अपने दैनिक कार्यों का निष्पादन स्वयं कर पा रही हैं और उनकी आत्मनिर्भरता में वृद्धि हुई है। इसके अलावा तेजस्वी साहू को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बहुदिव्यांग विशेष विद्यालय में अंशकालीन शिक्षक के रूप में सेवा का अवसर भी प्रदान किया गया। इस पहल से उन्हें सम्मानजनक रोजगार मिला। आज तेजस्वी साहू आत्मविश्वास के साथ अपना जीवन जी रही हैं और अन्य दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणा बन गई हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है, जिनके प्रयासों से उन्हें आवागमन का साधन, आर्थिक सहयोग और रोजगार प्राप्त हुआ तथा उनके जीवन को नई दिशा मिली।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स व हर्निया का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- आँखों के सभी ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील व अंडकोष का ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन
- ब्रेन एवं मस्तिष्क के सभी ऑपरेशन

24/7 उपलब्ध सर्जन
- डॉ. एन. के. अग्रवाल — वरिष्ठ सर्जन
- डॉ. भारती अग्रवाल — स्त्री, प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
- डॉ. गंगाधर आत्राम — जनरल, लैप्रोस्कोपिक एंडोस्कोपी एवं लेज़र सर्जन
- डॉ. संदीप अग्रवाल — ऑर्थोपेडिक सर्जन
- डॉ. देवेश अग्रवाल — नेत्र रोग सर्जन
- डॉ. वैभव धवली — न्यूरो सर्जन

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
PM-JAY
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
TPA, CGHS की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### बाल बैडमिंटन खिलाड़ी से हुलसी ने की मुलाकात

**महासमुंद**। जिले के ग्राम बेमचा की होनहार बेटी लक्ष्मी चंद्राकर ने अंतरराष्ट्रीय बाल बैडमिंटन टेस्ट श्रृंखला में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश और चंद्राकर समाज को गौरवान्वित कर दिया है। गृह ग्राम वापसी पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने लक्ष्मी के निवास पहुंचकर बिटिया का आत्मीय स्वागत किया और उसे पुष्पगुच्छ भेंट कर व शुभेच्छा जताई।



### पैरावट में आग मुआवजा की मांग

**सरायपाली**। विकासखंड के ग्राम बलौदा में पृथ्वीराज साईं के खलिहान में दो सौ से ढाई सौ पैकेट धान एवं ट्राली ट्रैक्टर में गाय पालन के लिए पैरावट की जमावट में लगभग दोपहर 12:30 बजे अज्ञात लोगों ने जला दी। जिसमें पूरा-पूरा धन एवं परावत जलकर खाद में बदल गया। आसपास के सभी नागरिकों के सहयोग से पानी इकट्ठा कर परावट को लगी आग को बुझाने की कोशिश की गई। इस संबंध में वार्ड नंबर 11 के पंच संजय दास द्वारा स्थानीय पुलिस थाना में मोबाइल फोन के माध्यम से सूचना अवगत कराया गया एवं परिक्षेत्र तहसीलदार हरि प्रसाद भाई, हल्का पटवारी मुकेश पटेल को इस संबंध में अवगत कराया गया। किसान के क्षतिपूर्ति के लिए शासन को अवगत कराया गया। शासन से मांग की है कि किसान के नुकसान को देखते हुए उचित नियमानुसार विचार कर मुआवजा दें। पुलिस थाना बलौदा द्वारा मौका मुआयना किया गया।

बैठक : लोकतंत्र की नींव मजबूत करने का अभियान

# शुद्ध मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की पहली शर्त : विधायक संपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- विधायक ने बसना में एसआईआर बैठक को किया संबोधित
- विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने युवाओं से नाम जुड़वाने की अपील की, कहा-कोई पात्र मतदाता न छूटे



बसना में निर्वाचन नामावली के सुदृढ़ीकरण और मतदाता जागरुकता को लेकर 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची की त्रुटियों को सुधारना और पात्र युवाओं का नाम जोड़ने की प्रक्रिया को गति देना था।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने एसआईआर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एसआईआर कार्यक्रम केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का अभियान है। एक शुद्ध और त्रुटिरहित मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की पहली शर्त है। प्रत्येक पात्र नागरिक, विशेषकर वे युवा जो हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ना अनिवार्य है।

विधायक ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और अधिकारियों से आग्रह किया कि वे घर-घर जाकर सर्वे करें। ताकि, कोई भी नया मतदाता छूट न जाए। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूची में नाम, उम्र या पते की गलतियों को सुधारने के लिए इस अभियान का अधिकतम लाभ उठाएं। ताकि, मतदान के समय नागरिकों को असुविधा न हो। विधायक डॉ. अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि मृत या स्थानांतरित हो चुके व्यक्तियों के नाम सूची से हटाए जाएं, ताकि डेटा पूरी तरह से पारदर्शी और सटीक रहे। विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे ग्रामीणों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करें और उन्हें बताएं कि एक वोट की शक्ति कितनी महत्वपूर्ण होती है।

बैठक के दौरान विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बसना विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर अभियान को शत-प्रतिशत सफलता मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ एनके अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र त्रिपाठी, नगर पंचायत पिथौरा अध्यक्ष देव सिंह निषाद, जनपद अध्यक्ष पिथौरा उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, जनपद पंचायत पिथौरा अध्यक्ष प्रतिनिधि व जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, गढ़फुलझर मंडल अध्यक्ष नरहरी पोर्ते, पूर्व अध्यक्ष माधव साव, नवीन साव, भारी संख्या में ग्रामीण, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खपराखोल-ठाकुरदिया प्रीमियर लीग का समापन, दीप्ति स्पोर्ट बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

समीपस्थ खपराखोल-ठाकुरदिया में आयोजित प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। फाइनल मुकाबले में दीप्ति स्पोर्ट ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ठाकुर ब्रदर्स की टीम को पराजित कर खिताब के साथ 50 हजार रुपए नगद पुरस्कार पर कब्जा जमाया। वहीं ठाकुर ब्रदर्स की टीम उपविजेता रही, जिसे 30 हजार रुपए नगद व शील्ड प्रदान की गई।



एमजे इलेवन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 15 हजार रुपए नगद व शील्ड, जबकि ग्रीन आर्मी को चतुर्थ स्थान पर रहने के लिए 10 हजार रुपये नगद व शील्ड से सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के अंतिम दिवस आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा अतिथि सत्कार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आकाश विग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल ने की। विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजयराज पटेल, महामंत्री सौरभ अग्रवाल, श्रेयांश श्रीवास्तव एवं सरपंच मनोज सिन्हा मंचासीन रहे।

मुख्य अतिथि आकाश विग ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं और हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में खेल को शामिल करना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में ब्रह्मानंद पटेल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, जिसका परिणाम आज खेल जगत में ग्रामीण खिलाड़ियों के वर्चस्व के रूप में दिखाई दे रहा है। विशेष अतिथि स्वप्निल तिवारी ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आज की भागदौड़ और प्रतिस्पर्धा भरी जिंदगी में खेल ही स्वस्थ और सफल जीवन की कुंजी हैं। स्वागत भाषण आयोजक अजय नायक ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रभु श्रीरामचंद्र सनातन चेतना संस्थान समिति, ठाकुरदियाखुर्द के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष अजय नायक, उपाध्यक्ष टीकम सिक्या, कोषाध्यक्ष केशव पटेल, सचिव डॉ. शेषनारायण सेन, देशराम निराला, केशव साहू, संयोजक रूपेश नायक व राजेश ठाकुर, सदस्य साहेबलाल नायक, गोपाल नायक, रमेश पटेल, सूरज मिश्रा, अजय जोशी, केशव, बंशीधर नायक, जागेश्वर पटेल सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## भाषण में दिनेश, काव्य पाठ में भाग्यवती एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रगति रहे अव्वल

**महासमुंद**। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा दिवस का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल महासमुंद, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें 140 युवाओं की भागीदारी रहीं। आयोजन के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर अतिथि प्राचार्य स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य की उपस्थिति में किया गया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने स्वामी विवेकानंद के जीवनी, संघर्ष, विचार के बारे में प्रकाश डाला। अन्य अतिथि द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों एवं योगदान पर प्रकाश डाला गया। आयोजन में आत्मनिर्भर भारत, नशा मुक्त भारत शपथ, पौधरोपण किया गया।

इस मौके पर विविध प्रतियोगिता हुई। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम भाग्यवती बाग, द्वितीय कविता ध्रुव एवं तृतीय छत्रपति कृष्णा साहू, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दिनेश कुमार, द्वितीय कमल चौधरी एवं तृतीय रजनीश कुमार साहू रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम प्रगति मोहंती, द्वितीय तनु निषाद एवं तृतीय हिमांशी ध्रुव रही। रंगोली बालक में प्रथम हरिशंकर गौतम एवं द्वितीय तेज प्रकाश चक्रधारी रहे। समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेताओं को मोमेंटो प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। अतिथियों, निर्णायकों एवं सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन के निर्णायक मंडल में सुरेंद्र मानिकपुरी, अवनीश वाणी, वीके असगर शामिल रहे। मंच संचालन हेमंत डड़सेना एवं आभार व्यक्त खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोगी अंजनी साहू व्यायाम शिक्षक, भुजेश्वरी ठाकुर, प्रियंका ध्रुव, मुरलीधर पटेल, बसंत साहू, नरेंद्र सिंह, उर्वशी साहू का सहयोग रहा।



## राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर विद्यालयों का चयन कर पुरस्कार के लिए किया नामांकन प्रेषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 60 बिंदुओं पर आधारित सर्वेक्षण के आधार पर रेटिंग प्रदाए किए

भारत सरकार द्वारा स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग 2025-26 का शुभारंभ 29 जुलाई 2025 को किया गया था। जिसके तहत सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, आवासीय, केन्द्रीय, नवोदय, एकलव्य कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय आदि समस्त शालाओं को 60 बिंदुओं पर आधारित सर्वेक्षण के आधार पर रेटिंग प्रदान किया गया। एसएचवीआर का उद्देश्य शालाओं को 06 प्रमुख श्रेणियों, पानी, शौचालय, साबुन से हाथ धोना, संचालन एवं रखरखाव, व्यवहार परिवर्तन और क्षमता निर्माण तथा मिशन लाइफ गतिविधियों में स्व-मूल्यांकन व सुधार करने के लिए सशक्त बनाना है।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वच्छ एवं हरित विद्यालय रेटिंग (एसएचवीआर) 2025-26 अंतर्गत महासमुंद जिले से जिला स्तर पर 08 चयनित विद्यालयों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, रेखराज शर्मा, जिला मिशन समन्वयक, विद्या साहू, सहायक कार्यक्रम समन्वयक समग्र शिक्षा उपस्थित रहे तथा सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी गयी।

जिला स्तर पर चयनित कुल 08 विद्यालय जिसमें ग्रामीण एलीमेंट्री स्तर से 01 केजीबीवी सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा, 02 पीएमश्री प्राशा चनाट विकासखंड बसना, 03 शासकीय मिडिल स्कूल कसेकेरा विकासखंड बागबाहरा, ग्रामीण सेकंडरी स्तर से क्रमशः 01 शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सावित्रीपुर विकासखंड पिथौरा, 02 फार्च्यून नेत्रहीन हायर सेकंडरी विद्यालय करमापटपर विकासखंड बागबाहरा, 03 शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल अमरकोट विकासखंड सरायपाली, इसी प्रकार शहरी एलीमेंट्री स्तर से 01 पीएमश्री नवीन बागबाहरा तथा शहरी सेकंडरी स्तर से 01 रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद कुल 08 विद्यालयों का चयन किया गया तथा राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए नामांकित कर प्रेषित किया गया था। जिसमें केजीबीवी सुनसुनिया विकासखंड बागबाहरा तथा पीएमश्री शासकीय प्राशा चनाट विकासखंड बसना का चयन राज्य स्तर पर हुआ है। तथा उक्त दोनो विद्यालयों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय को भेजा गया है।

## जिला पंचायत सीईओ ने जिले में स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर ली समीक्षा बैठक

**महासमुंद**। जिले में स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समस्त विकासखंडों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आई नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मौजूद थे। विकासखंडों के खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त जिला सलाहकार, बीपीएम, बीईटीओ एवं सेक्टर सुपरवाइजर वीडियो कांफ्रेंस से जुड़े। बैठक में सीईओ नंदनवार ने आयुष्मान कार्ड एवं आयुष्मान वय वंदन योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा में पाया गया कि जिले के विकासखंडों में अभी भी लगभग 10 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति लंबित है। इस पर सीईओ नंदनवार ने ग्रामवार कार्ययोजना बनाकर डोर-टू-डोर सर्वे करते हुए शीघ्र लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही पंचायत एवं खाद्य विभाग से समन्वय स्थापित कर आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदन कार्ड निर्माण में आ रही समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत पिथौरा एवं सरायपाली विकासखंड की प्रगति को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने समस्त विकासखंडों को निर्देशित किया कि 31 जनवरी 2026 तक भारत सरकार को बाह्य मूल्यांकन हेतु आवेदन अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाए। कायाकल्प योजना की समीक्षा के दौरान जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिन संस्थाओं ने चालू वर्ष में कायाकल्प योजना में भाग नहीं लिया है, उनसे स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। टीबी मुक्त पंचायत अभियान की समीक्षा करते हुए समस्त ग्राम पंचायतों को दिशा-निर्देशों के अनुरूप टीबी मुक्त पंचायत के लिए तैयार कर आवेदन करने को कहा गया। वहीं जिन पंचायतों को पूर्व में टीबी मुक्त पंचायत का प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है, उन्हें मानक मापदण्डों की निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। सिकलसेल कार्यक्रम की समीक्षा में सभी विकासखंडों को शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सिकलसेल रोग से ग्रसित मरीजों को शत-प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने एवं सिकलसेल वाहकों के लिए परामर्श सत्र आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। कुष्ठ खोज अभियान के तहत सभी विकासखंडों को घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के शंकास्पद मरीजों की पहचान करने, ग्रामवार कार्ययोजना बनाकर उनकी पुष्टि करने तथा चिन्हित मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

## रासेयो की राज्य स्तरीय कार्यशाला में सम्मिलित हुए जिले के संगठक, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक

**महासमुंद**। जिला सभागार अंबेडर चौक बलौदाबाजार में राष्ट्रीय युवा दिवस पर उच्च शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा राज्य स्तरीय युवा संवाद एवं नेतृत्व क्षमता विकास कार्यशाला आयोजित की गई कार्यशाला में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा वरिष्ठ प्राध्यापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं नारायण नामदेव सामाजिक कार्यकर्ता रहे। कार्यशाला में महासमुंद जिला से डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो, अनिता वंजारी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो गुड शेफर्ड स्कूल, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वयंसेवक विजय ब्रम्हे, जनक साहू, गोरेलाल चतुर्वेदी, देवेंद्र साहू गुड शेफर्ड स्कूल के स्वयंसेविका इशरत बानो, सुरभि तिवारी एवं वैष्णवी कन्नौजे सम्मिलित हुए। कार्यशाला के प्रथम सत्र में अतिथि कवि मीर अली मीर द्वारा कविता का पाठन किया गया। बसंत वीर उपाध्याय, पुष्पराज वर्मा, कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी द्वारा मोटीवेशनल व्याख्यान दिया। रामलीला पर आधारित नृत्य, दुर्गा साहू, पंडवानी गायिका दुर्गा पंडवानी की प्रस्तुति दी। द्वितीय एवं समापन सत्र में अतिथि टोपलाल वर्मा ने आशीष वचन प्रदान किया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियो की प्रस्तुति (प्रत्येक विवि को 8 मिनट) की रही। अंत में सभी को विश्वविद्यालयवार प्रमाण पत्र वितरण किया गया।



# विपत्ति से बाहर निकलने का मार्ग बताता है महापुरुषों और भगवान की जीवन गाथा: पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में शिव मंदिर के पास चल रहे शिवपुराण कथा में शिव-सती विवाह प्रसंग का बखान करते हुए व्यास पीठ से आचार्य पं. पंकज तिवारी ने कहा कि गृहस्थ जीवन सार्थक करना हो तो पति-पत्नी को एक दूसरे से वार्तालाप करना चाहिए। वार्तालाप के लिए एक विषय का होना आवश्यक है, बिना विषय के चर्चा करने से भटकाव ज्यादा होता है। उन्होंने कथा प्रेमियों से कहा कि विवाह उपरांत शिव सती कैलाश गए, वार्तालाप के दौरान मां सती ने भगवान शिव से मनुष्य के कल्याण के संबंध में प्रश्न पूछा। इस पर भगवान शिव ने नवधा भक्ति को गृहस्थ के लिए सर्वश्रेष्ठ मार्ग बताया। भगवान शिव ने सती से कहा कि नवधा भक्ति एक तरह से सभी मनुष्यों का आचरण है, जिस किसी मनुष्य में नौ गुणों में से कोई एक गुण भी आ जाए तो उसका कल्याण संभव है। प्रथम क्रम में भगवान शिव ने सती से कहा कि गृहस्थ को सुखमय बनाने के लिए संतों की संगति करना चाहिए। संत वह है जो दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहे, परोपकार के भाव से जो कार्य करें वह संत है। ऐसे लोगों की संगति करने से भगवान प्रसन्न होते हैं। नदी स्वयं अपना जल नहीं पीता, वृक्ष का फल भी दूसरों के लिए है, यह संत स्वभाव है। दूसरे भक्ति में भगवान शिव ने सती को बताया कि पति और पत्नी के मध्य कथाओं की चर्चा होनी चाहिए। कथा प्रसंग में भगवान के अवतारों या श्रेष्ठ महापुरुषों की कथा का बखान करना चाहिए। जीवन चरित्र के माध्यम से लोगों को संकटों से लड़ने का मार्ग मिलता है। बिना विपत्ति के संपत्ति नहीं आती, इसी तरह संकट के बाद ही लोगों को सम्मान प्राप्त होता है, इसलिए प्रेरक प्रसंग की चर्चा अवश्य करना चाहिए, जिससे तुम विपत्ति के समय अपना मार्ग स्वयं ढूंढ सको। जो भी





परेशानी आती है वह स्वयं का होता है और इससे स्वयं को ही निकलना होगा। इसी तरह गुरु के प्रति आदर का भाव होना चाहिए, माता-पिता, भाई सखा सभी अलग-अलग स्थितियों में गुरु होते हैं, जो तुम्हें सिख प्रदान करते हैं। बड़ों को आदर देने से हृदय में सहजता का भाव जागृत होता है, जो कठिन समय में सहायक होता है।

तिवारी ने बताया कि किसी ने कोई अच्छा कार्य किया है तो निश्चल भाव से उनकी प्रशंसा की जानी चाहिए। भजन करने से मन प्रसन्न होता है इसलिए भजन में महिमा गायी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जो व्यवहार आपको अच्छा नहीं लगता वह दूसरों के साथ कभी भी ना करें, क्योंकि दूसरों को भी वह व्यवहार अच्छा नहीं लगेगा। नवधा भक्ति में तिवारी ने बताया कि संतुष्टि सबसे बड़ा धन है, जीवन की प्रत्येक स्थिति में संतुष्ट रहने से भगवत भक्ति प्राप्त हो जाती है। संसार में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है, जिसमें अच्छाई ना हो। बस सार्थकता के साथ देखने की कला आनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दोष देखने के बजाय अच्छाई देख कर उसे ग्रहण करना चाहिए। इन सभी 9 गुणों में से एक भी गुण जिसके पास है, उसका कल्याण संभव है। कथा प्रसंग में पंडित तिवारी ने बताया कि कोई भी शुभ कार्य करने के पूर्व कुल देवी-देवता की पूजा करनी चाहिए, इससे कार्य निर्विघ्न संपन्न होता है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग रूपों में भगवान शिव ही सबके कुलदेवता और मां शक्ति की कुलदेवी है। कहीं दूल्हा देव के रूप में तो कहीं ठाकुरदेव के रूप में ही शिव की पूजा की जाती है। उन्होंने सती के देह त्याग कथा का विस्तार से बखान करते हुए कहा कि प्रजापति दक्ष को मां जगदंबा ने दर्शन देकर कहा था कि जिस दिन तुम मेरा अनादर करोगे उस दिन में चली जाऊंगी। इसी तरह जब भगवान शिव के समक्ष देवताओं ने सती के साथ विवाह का प्रसंग रखा तो भगवान शिव ने भी एक शर्त रखा था कि जिस दिन दक्ष कन्या मेरी आज्ञा का उलंघन करेगी उस दिन मैं उसका त्याग कर दूंगा। सती को राजा दक्ष के यज्ञ में जाने के लिए भगवान शिव ने मना किया। लेकिन, सती नहीं मानी और पिता के घर चली गई जहां उसका अपमान हुआ और सती को देह त्याग करना पड़ा।

# रुक्मिणी प्रसंग पर कथा स्थल बना विवाह मंडप, निर्धन कन्या का किया विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सिनोधा में साहू परिवार (सुखराम-पुष्पा साहू एवं कल्याणी साहू) तथा समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रुक्मिणी विवाह प्रसंग के पावन अवसर पर एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी सामाजिक कार्य हुआ। कथा स्थल पर भगवान कृष्ण को साक्षी मानकर ग्राम की ही निर्धन कन्या सरोज विश्वकर्मा (पुत्री गोकुल) का विवाह ओंकारबंद निवासी निर्धन युवक तीरथ विश्वकर्मा (पुत्र विष्णु) के साथ वैदिक विधि-विधान से कराया गया। कथा स्थल विवाह मंडप में परिवर्तित हो गया, जहां वेद मंत्रोच्चार और मंगल गीतों के बीच विवाह संस्कारपूर्ण हुआ। इस पुण्य कार्य में न केवल कथा आयोजकों, बल्कि आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। श्रद्धालुजन इस पावन क्षण के साक्षी बने और पूरे वातावरण में भक्ति, करुणा एवं सेवा की अनुभूति देखने को मिली। कथा आयोजकों ने नवदंपति को गृहस्थ जीवन की आवश्यक सामग्री भेंट कीं। वहीं समीपवर्ती ग्रामों के ग्रामीणों ने सामर्थ्य अनुसार वस्त्र, घरेलू सामान एवं आर्थिक सहयोग प्रदान कर इस विवाह को सफल बनाया। ग्रामीणों की यह सहभागिता सामाजिक एकता, सामूहिक संवेदना और मानवीय मूल्यों का सशक्त उदाहरण बनी।

इस अवसर पर कथावाचक भानपुर (बागबाहरा) के प्रसिद्ध पंडित धनंजय तिवारी ने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण तक सीमित नहीं है, बल्कि दया, करुणा और सेवा के माध्यम से समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि जब भक्ति और मानवता एक साथ चलती हैं, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव होता है।

## श्रीमद्भागवत कथा में रचा गया मानवता का अनुपम प्रसंग

### सिनोधा की बनी अलग पहचान

पंडित धनंजय तिवारी ने कथास्थल पर निर्धन कन्या के विवाह को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि इस पुनीत और प्रेरणादायी कार्य से ग्राम सिनोधा की एक अलग और विशिष्ट पहचान बनेगी। ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने के साथ मानवता की सच्ची सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। इस अनूठे और पुण्य आयोजन का क्षेत्र में सर्वत्र सराहना हो रही है।



### समाचार माध्यमों के सहयोग से कथा को मिली व्यापक पहचान

इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आयोजक एवं कथावाचक ने कथा मंच से जिले के समस्त समाचार पत्रों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाचारों के प्रकाशन के माध्यम से आयोजन की जानकारी दूर-दराज तक पहुंची, जिससे आसपास के गांवों के साथ-साथ रायपुर, राजिम, गरियाबंद एवं धमतरी से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन संभव हो पाया। आयोजक ने मीडिया के सहयोग को इस पुनीत आयोजन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया।

## खबर संक्षेप



### सरस्वती पूजन का आयोजन 23 को

**महासमुंद।** बंग भवन में बंग समाज एवं महिला बंग समिति की बैठक हुई। बंग समिति महासमुंद के तत्वावधान में महिला बंग समिति द्वारा बंग भवन में 23 जनवरी को सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया है। प्रातः 10 बजे रायपुर से मां की मूर्ति एवं बंगाली पुरोहितों का आगमन होगा। बाद पूजन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। बंगाली पुरोहितों द्वारा बच्चों का हांथें कुड़ी का कार्यक्रम एवं पूजन कार्यक्रम होगा। बाद बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। समाज के मेघावी छात्र/छात्राओं एवं समाज के खेलकूद में अग्रणी छात्र/छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा। बैठक में बंग समाज के अध्यक्ष विजय पाल, समाज प्रमुख संदीप घोष, मृत्युंजय बोस, डॉ. बागची, बंग महिला समाज के प्रमुख रूपा दास, अर्चना चौधरी, रूपाली बैनर्जी, झुमा बोस, सुप्रिया पाल, शीला महतो आदि मौजूद रहे।

### बंग समाज ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**महासमुंद।** बंग समाज महासमुंद के तत्वावधान में बंग समाज एवं बंग महिला समाज द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती बंग भवन में मनाई गयी। युवाओं के आदर्श प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर बंग समाज अध्यक्ष विजय पाल, महिला बंग समाज के प्रमुख रूपा दास, अर्चना चौधरी, रूपाली बैनर्जी, झुमा बोस, सुप्रिया पाल, शीला महतो, समाज प्रमुख संदीप घोष, मृत्युंजय बोस, डॉ. बागची आदि मौजूद रहे।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेलसोंडा के मृतक सेवा दास मानिकपुरी की पुत्री लक्ष्मी धीवर के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



### सलिहाभाठा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** प्राथमिक शाला सलिहाभांठा में कक्षा दूसरी का छात्र नमन ने अपनी मां चेमिन दीवान और भाई की उपस्थिति में केक काटकर और चॉकलेट बांटकर जन्मदिन मनाया। नमन द्वारा न्योता भोज के रूप में खीर-पूड़ी, मिठाई व फल प्रदान किया गया। अपने सहपाठी भाई-बहनों के बीच जन्मदिन मनाकर नमन काफी खुश था। ज्ञात हो कि न्योता भोज पालकों का शाला के साथ जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है, जिसमें शाला की गतिविधियों में पालक सक्रिय रूप से अधिकारपूर्वक जुड़ पाता है और बच्चों शिक्षा के प्रति स्वयं की जिम्मेदारी को समझ पाता है।

## प्रोत्साहन : कन्वेंशन हॉल सर्किट हाउस रायपुर में सीएम ने किया सम्मान

# महासमुंद की मृणाल को नवाचार के लिए मिला युवा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मृणाल को कोसे से फोरेंसिक ब्रश बनाने, चेंच भाजी से फैरेंसिक पाउडर बनाने और गोबर खरसी की राख से फोरेंसिक पाउडर बनाने के लिए भारत सरकार से कापीराइट मिला है

छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा युवा रत्न सम्मान समारोह का आयोजन 12 जनवरी 2026 कन्वेंशन हॉल सर्किट हाउस रायपुर में आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में युवा रत्न सम्मान से युवाओं एवं संगठन को पुरस्कृत किया गया। युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य में सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रेरित करना तथा युवाओं में अपने समुदाय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार हो, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है।



### मुख्यमंत्री ने एक लाख रुपए एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

युवा रत्न सम्मान समारोह में जिले की बेटी मृणाल विदानी पिता रविंद्र विदानी व माता उत्तरा विदानी सुभाष नगर महासमुंद को नवाचार के लिए युवा रत्न सम्मान से पुरस्कृत किया गया, जिसमें राशि 1 लाख रुपए एवं प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन विष्णुदेव साय द्वारा प्रदाय किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरुण साव एवं राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर उपस्थित रहे। मृणाल विदानी वर्तमान में विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर में फोरेंसिक साइंस में डीएनए विषय के साथ मास्टर्स अंतिम सेमेस्टर की पढ़ाई कर रही है। मृणाल को छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक कोसे से फोरेंसिक ब्रश बनाने के लिए, छत्तीसगढ़ के प्रिय भाजी चेंच भाजी से फोरेंसिक पाउडर बनाने और गोबर खरसी की राख से फोरेंसिक पाउडर बनाने के लिए भारत सरकार से कापीराइट मिला है। विवेकानंद ग्लोबल युनिवर्सिटी में आयोजित इंटरनेशनल फोरेंसिक वैज्ञानिक कांफ्रेस फोरेंसिक ज्ञान कार्यक्रम में साल 2023 में कोसे के धागे से फोरेंसिक ब्रश बनाने के लिए बेस्ट इंटरनेशनल साइंटिस्ट 2025 में चेंच भाजी से फोरेंसिक पाउडर बनाने के लिए बेस्ट इंटरनेशनल इनोवेशन और खरसी के राख बनाने की प्रक्रिया को इंटरनेशनल फोरेंसिक कार्यक्रम में प्रस्तुत करने के लिए बेस्ट प्रेजेंटेशन और बेस्ट इनोवेशन का तमगा मिला है। शोध प्रयास 2025 में मृणाल को नेशनल लेवल रिसर्च कान्क्लेव में बेस्ट प्रोडक्ट डिस्प्ले के लिए अवार्ड मिला है। मृणाल विदानी इंटरनेशनल फोरेंसिक साइंटिस्ट मीट कार्यक्रम का बखूबी संचालन भी करती हैं। कक्षा पहली से बारहवीं तक मृणाल ने वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल महासमुंद से पढाई की है, शुरूआत से ही मेधावी छात्रा रही हैं।

# राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलेगा केंद्र के समान मंहगाई भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सीएम ने की घोषणा, महंगाई भत्ता 3 फीसदी बढ़ेगी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घोषणा किया है कि महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ेगी। इससे राज्य के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता मिलेगा। इस घोषणा को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने राज्य के अधिकारियों-कर्मचारियों को सरकार द्वारा दिया गया बड़ा तोहफा बताया है। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़ाकर केंद्र सरकार के समान 58 प्रतिशत किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच यह निर्णय कर्मचारियों को काफी राहत प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय सरकार की कर्मचारी-हितैषी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी सरकार चाहे वह केंद्र की हो या राज्य की सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। अधिकारी कर्मचारी शासन-प्रशासन की रीढ़ होते हैं और उनकी ईमानदारी, कर्मठता तथा



संवेदनशीलता से ही सरकार की योजनाएं, नीतियां और निर्णय वास्तविक रूप में धरातल पर उतरते हैं। हमारे राज्य का प्रशासनिक ढांचा भी उनके मेहनत, निष्ठा और अनुशासन के कारण ही प्रभावी ढंग से कार्य कर पा रहा है। आगे कहा कि इसमें पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के समयबद्ध भुगतान पर विशेष ध्यान दिया गया है, ताकि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### पहले भी बढ़ाया था महंगाई भत्ता

इसके पहले राज्य सरकार ने अधिकारी-कर्मचारी के लिए 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाया था। प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा था। अब 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर 58 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे पहले 3 मार्च को विधानसभा में साल 2025-26 के वार्षिक बजट में 53 प्रतिशत डीए किए जाने की घोषणा की थी। राज्य के शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करके 53 प्रतिशत कर दिया गया था।

# समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में जानबूझ कर व्यवधान : डॉ रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया में जानबूझकर व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए महासमुंद कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि इस खरीफ सीजन के धान खरीदी को पूरा होने में अब बस एक पखवाड़ा ही बचा है। यही वो समय है जब बड़े किसानों का धान मंडी में आता है, ऐसे समय में खरीदी को नियंत्रित करने के लिए बहुत अव्यावहारिक शर्त धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के सामने रखा गया है। खरीदी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को जारी निर्देश में साफ तौर पर कहा गया है कि जितना टोकन काटा गया है, उतना धान मत खरीदो किसानो से रकबा समर्पण का फार्म भरवाने का दबाव धान खरीदने में लगे कर्मचारियों पर दबाव भाजपा सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। धान खरीदी में किसानों को धान बेचने से रोकने की कई तरह से कोशिश की जा रही है, जिसका नतीजा है कि इस बार धान हर सोसाइटियों में अब तक कम खरीदा गया है।

### रायकेरा के मड़ई मेला में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** ग्राम रायकेरा में मड़ाई मेला कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू पहुंचे। जहां ग्रामीणों उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके तुषार ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में मड़ई मेला महोत्सव को एक प्रमुख त्योहार माना जाता है। मड़ई त्योहार लोगों के जीवन को खुशियों से भर देता है। यह त्योहार न सिर्फ मजेदार और मनमोहक है बल्कि यह राज्य की समृद्ध परंपरा और संस्कृति को भी दर्शाता है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच पवन साहू, वरिष्ठ नेता डॉ अब्दुल वाहिद खान, नेमीचंद जयसवाल, लखन यादव, जावेद खान, सुरेश, दिनेश, कार्तिक, यादराम, सुखलाल, रामजी और अत्यधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।






# सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा

**महासमुंद।** सोहम हॉस्पिटल लभराखुर्द में 11 जनवरी रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें से अधिक मरीजों का डॉक्टर सोमी चंद्राकर एवं डॉक्टर युगल चंद्राकर, 20 निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया है। 50 से अधिक मरीज सोहम की टीम ने मार्गदर्श दिए। टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी समस्या, पथरी, पेट में जलन, गैस, चमड़ी के रोग, साइटिका, सर्वाइकल, दाद खाज खुजली इत्यादि बीमारियों का निःशुल्क परीक्षण एवं उचित मार्गदर्शन मरीजों को दिया गया। बागबाहरा, तुमगांव, पिथौरा क्षेत्र एवं आसपास के कई गांव के लोग इस शिविर में लाभान्वित हुए। हम हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर युगल चंद्राकर के मार्गदर्शन में यह निशुल्क स्वास्थ्य एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समय-समय पर इस तरह के निशुल्क सेवा के कार्य सोहम परिवार के माध्यम से चलाए जाते हैं।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**महासमुंद।** मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बरोंडाबाजार में राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. चंद्रिका विश्वकर्मा, अतिथिगण डॉ. शोभा मालीवाल, शालिगराम, लक्ष्मीकांत, हेमंत कुमार, वीनू चंद्राकर, आनंद साहू तथा मेरा युवा भारत से वसुंधरा साहू और अशोक चक्रधारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि चंद्रिका ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों के बारे में युवाओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से आत्मविश्वास, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### बुंदेली और दारगांव में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए खल्लारी विधायक

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ग्राम बुंदेली और दारगांव में आयोजित मड़ई मेला में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। ग्राम बुंदेली और दारगांव में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, ताम्रध्वज बघेल, तरुण व्यवहार, उमा चंद्रहास यादव, संतोष ध्रुव, जानकी कोमल ठाकुर, माहेश्वरी नंदलाल ठाकुर, रेखचंद निषाद, पदमनी बांधे, खेमराज साहू, आशीष राजू दीवान, नोखेलाल ध्रुव, भीम ठाकुर मौजूद थे। उन्होंने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेला मड़ई छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा और संस्कृति की पहचान है। यह अवसर अपनों से मिलने और संपर्क का माध्यम होता है। इससे हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति को जानने समझने का मौका मिलता है। इस दौरान प्रमुख रूप से बालाराम साहू, रामसिंग निषाद, प्रमोद निषाद, दाऊलाल ध्रुव, किशन साहू तथा ग्राम बुंदेली में आयोजित कार्यक्रम में आशीष दीवान, घनश्याम साहू, रविकांत निषाद, सतीश शर्मा, टिकेश्वर दीवान, तामरस साहू, किशोर सोनवानी, अभय शर्मा, लक्की दास मानिकपुरी, शेखर सिन्हा, दुर्गेश मानिकपुरी, ओम कुर्रे, विष्णु सिन्हा, उमेश्वर डड़सेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### स्कूली बच्चों के लिए 50 सेट टेबल व बेंच किए प्रदाय

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव संकुल केंद्र बिरकोनी में वॉल प्लास्ट कंपनी द्वारा 50 सेट टेबल व बेंच बच्चों को प्रदान किया गया, जिसे पाकर बच्चे बहुत खुश हैं। इसके लिए शासकीय प्राथमिक शाला बड़गांव के प्रधान पाठक खेमन कुमार साहू, शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, शिक्षिका लेखनी साहू, प्रतिमा मेश्राम, शिल्पा वर्मा ने वॉल प्लास्ट कंपनी को धन्यवाद दिया है।

# गोंड समाज 18 गढ़ की भालूचुवां सर्कल में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- समाज को नई दिशा देने और समाजिक रीति नीति में सहयोग करने पर दिया गया जोर

भालूचुवां सर्कल के आश्रित ग्राम खैरटखुर्द में कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। अखिल भारतीय गोंड समाज राज्य सुअरमार सर्कल भालूचुवां के समाज पदाधिकारी उपस्थित रहे। समाज के ईष्ट देव बूढ़ादेव की पूजन अर्चन कर बैठक का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सामाजिक चर्चा में वार्षिक बैठक को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। सामाजिक गतिविधियों पर गहन चिंतन मनन व सामाजिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए चर्चा की गई। भालूचुवां सर्कल के पदाधिकारियों ने पारी पारी से अपने सुझाव रखें। इस दौरान सर्कल अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, संयोजक नारायण सिंह ठाकुर, संरक्षक दीपक ठाकुर, महामंत्री पुनीत ठाकुर, मीडिया प्रभारी तुफान दीवानने समाज में हो रहे परिवारिक, सामाजिक गतिविधि पर बात करते हुए समाज के युवा वर्ग को आगे आने प्रेरित किया। समाज को नई दिशा देने और समाजिक रीति नीति में सहयोग करने पर जोर दिया। सामाजिक व्यवस्था के विपरित कोई भी कार्य ना करने की समझाइश दी गई। विवाह, शोक कार्यक्रम के अलावा जन्म उत्सव पर कम से कम खर्च में कार्यक्रम करने सुझाव दिया गया।



इस दौरान अध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर, संरक्षक दीपक ठाकुर, संयोजक नारायण सिंह ठाकुर, महामंत्री पुनित ठाकुर, सचिव रुपसिंह ठाकुर, आडिटर सुकालू ठाकुर, मीडिया प्रभारी तुफान दीवान, पंचगण टीकम ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, नोहर ठाकुर, सुभेश ठाकुर, लखन ठाकुर, विशाल ठाकुर, चंद्रशेखर ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, गजेश ठाकुर, नारायण ठाकुर, समाज दूत कन्हैया लाल ठाकुर आदि मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच 11 फरवरी, 18 मार्च
08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मार्च 2026
11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-20500/- ऑफर 18,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)